## खबर संक्षेप



### नाली निर्माण में मानकों का नहीं हो रहा पालन

**सिलौंडी।** सिलौंडी से बीजापुर मार्ग में सिलौंडी मुख्य मार्ग में बन रही नाली में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि नाली निर्माण में लोहे का उपयोग नहीं किया जा रहा है। गुणवत्तायुक्त नाली निर्माण नहीं होने से खराब होने की आशंका बनी है। ठेकेदार रेत की जगह डस्ट का उपयोग कर रहा है । नाली में लोहे लगाने को बोलने पर ठेकेदार कहता है कि बजट कम है । इतना ही बना सकता हूं । ग्रामीणों ने गांव के मुख्य मार्ग की नाली निर्माण गुणवत्तापूर्ण कराये जाने मांग की है।

### 3 साल से लापता बालिका दस्तयाब, परिजनों को सौंपा

**बरही।** तीन साल पहले लापता हुई एक बालिका को बरही पुलिस ने दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। बरही थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि 26/06/2021 को उक्त बालिका घर मैं बिना बताए कही चली गईं थी जिसे थाना बरही मैं अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मैं लिया जाकर लगातार प्रयास किया गया। बालिका की दस्तायबी हेतु पुलिस अधिक्षक द्वारा 2500 रुपए का नगद इनाम घोषित किया गया था। 16 मई को अपहत बालिका को दस्तयाब कर कानूनी प्रक्रियाओं के पश्चात उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव , उप निरी शैलेंद्र सिंह सेंगर आरक्षक अंकित बडगैया, आशीष पटेल की मुख्य भूमिका रही।

### तीन लाख का जुर्माना, लायसेंस निरस्त करने का भेजा नोटिस

**कटनी।** जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही का सिलसिला सतत रूप से जारी है। जिसमें प्रतिष्ठानों को सील करने, लाइसेंस व पंजीयन निलंबित करने, जुर्माना अधिरोपित करनें सहित दांडिक कार्यवाही निरंतर जारी है। अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्यवाही के दौरान खाद्य पदार्थ अजवाईन और करायल मिथ्याछाप एवं अमानक पाये जाने पर नई बस्ती सिंधी स्कूल के पास निवासी बच्चाराम तीर्थानी पिता भोजराम तीर्थानी पर एक लाख रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया था। अनावेदक बच्चाराम तीर्थानी द्वारा उक्त अधिरोपित जुर्मानें की राशि को चालान के माध्यम से जमा करा दिया गया है। अपर कलेक्टर ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत 8 अन्य प्रकरणों में 2 लाख 90 हजार रूपये की जुर्माना राशि अधिरोपित की गई है। जिसमें 5 प्रकरणों से कुल 2 लाख 5 हजार रूपये की राशि जमा कराई जा चुकी है। 3 प्रकरणों में शेष जुर्माने की राशि 85 हजार जमा किये जाने हेतु लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही हेतु संबधितों को नोटिस जारी किया गया है।

### द इंटरनेशनल स्कूल ऑफ दिव्यांगजन में निःशुल्क प्रवेश शुरू

**कटनी।** सामाजिक न्याय विभाग से अनुदान प्राप्त तथा राजीव कुमार समाज कल्याण ग्राम विकास शोध संस्थान द्वारा झिंझरी में दिव्यांगजनों हेतु जिले का एकमात्र संचालित विद्यालय द इंटरनेशनल स्कूल ऑफ दिव्यांगजन में कक्षा के.जी से 12वीं तक के बच्चों हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है। विद्यालय में दृष्टिगबाधित दिव्यांग, अल्प दृष्टिबाधित दिव्यांग, मानसिक दिव्यांग, सेरेब्रल पाल्सी दिव्यांग, आटिज्म दिव्यांग,श्रवण बाधित डेफ दिव्यांग, मूक बघिर, अस्तिबाधित दिव्यांग सहित बहु दिव्यांग्रस्त दिव्यांगजनों के शिक्षण एवं प्रशिक्षण की सर्वश्रेष्ठ सुविधा के साथ ही संगीत शिक्षा, ब्रेल लिपि, साईन लैंगवेज एवं देवनागरी की विशेष सुविधा उपलब्ध है।

---

27 मई को कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति के समक्ष उपस्थित होकर पक्ष रखने के निर्देश

## नियमों का उल्लंघन एवं 30 फीसदी फीस वृद्धि पर वेलवेदर इंटरनेशनल स्कूल को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने नियमों के विपरीत निजी स्कूलों द्वारा फीस वृद्धि करने और पालक, अभिभावक व छात्रों को निजी प्रकाशकों की पुस्तकें क्रय करने हेतु बाध्य करने के मामले की जांच कराकर निजी स्कूलों के शाला प्रबंधन के विरूद्ध सख्त कार्यवाही का सिलसिला जारी है। इसी क्रम मे मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन अधिनियम और नियमों का उल्लंघन कर वर्ष 2020-21 से 2021-22 में कक्षावार 23.79 प्रतिशत से 30.16 प्रतिशत फीसदी तक की फीस वृद्धि करने और फीस मद के अलावा अन्य स्वरूप मे छात्रों से फीस लेने के लिए वैलवेदर इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य व संचालक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। जारी कारण बताओ सूचना पत्र मे उल्लेखित किया गया है कि नियमों का उल्लंघन करने के लिए शाला प्रबंधन पर क्यों न शास्ति अधिरोपित किया जाये। इस संबंध में शाला प्रबंधन को पक्ष रखने 27 मई का समय दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में विगत दिनों आयोजित जिला समिति की बैठक मे वैलवेदर इंटरनेशनल स्कूल के संबंध में प्राप्त शिकायतों की जांच हेतु गठित जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन अधिनियम और नियम तथा निर्देशों का उल्लंघन पाया गया।

### मनमानी फीस वृद्धि

वैलवेदर इंटरनेशनल स्कूल के शाला प्रबंधन द्वारा जांच दल को दिए तथ्यों के मुताबिक वर्ष 2020-2021 से 2021-2022 में कक्षावार वृद्धि 23.79 प्रतिशत से 30.16 प्रतिशत तक की गई। जो नियमों का उल्लंघन है। शाला प्रबंधन द्वारा नर्सरी, जूनियर के.जी में 23.79 प्रतिशत तथा जीआर-1, जीआर-2 और जीआर-3 में 30.16 फीसदी की फीस वृद्धि की गई। साथ ही शाला प्रबंधन द्वारा 30 मार्च 2024 तक पोर्टल मे फीस व स्कूल की जानकारी भी नहीं अपलोड की गई।

### इस नियम का उल्लंघन

मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन नियम 2020 के नियम अनुसार निजी विद्यालय द्वारा प्रस्तावित फीस संरचना में वृद्धि यदि पिछले शैक्षणिक सत्र की फीस की तुलना में 10 प्रतिषत से अधिक किंतु 15 प्रतिषत या उससे कम है, तो कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला समिति से अनुमोदन तथा यदि प्रस्तावित फीस संरचना में वृद्धि यदि पिछले शैक्षणिक सत्र की फीस की तुलना में 15 प्रतिषत से अधिक है, तो जिला समिति के माध्यम से राज्य समिति से अनुमोदन कराने का प्रावधान है। जिसका पालन शाला प्रबंधन द्वारा नहीं किया गया।

### आर.टी.ई नियम का उल्लंघन

पन्ना मोड स्थित वैलवेदर स्कूल की शिकायत की जांच में यह तथ्य सामने आया कि आर.टी.ई में प्रवेशित छात्रों से अन्य गतिविधि फीस के तौर पर 17 हजार 800 रूपये लिये गए। इस स्कूल में आर.टी.ई के तहत कुल 9 छात्र प्रवेशित है, जिनमे नर्सरी में वर्ष 2023 से 6 छात्र , सीनियर केजी में वर्ष 2022 से दो छात्र और कक्षा 1 में वर्ष 2021 से एक छात्र अध्ययनरत है। इन छात्रों से वर्ष 2021 से लेकर वर्ष 2023-24 तक 17 हजार 800 रूपये के मान से गतिविधि शुल्क लिया गया। जो निःशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है। वैलवेदर शाला प्रबंधन को इस मामे में 15 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये गए है।

वैलवेदर इंटरनेशनल स्कूल द्वारा वर्ष 2024-25 में उल्लेखित फीस विवरण में वैलवेदर पेडागागी एक्टिविटी मद में 5 हजार रूपये एवं लिट्रेसी प्रोग्राम मे दो हजार रूपये साफ्टवेयर साल्यूशन में 500 रूपये एवं इंग्लिश कम्युनिकेशन प्रोग्राम के लिए 2500 रूपये का विवरण दिया गया है। जबकि मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन अधिनियम मे ली गई फीस उल्लेखित नहीं है।

---

## बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम दशरमन में एक बच्ची की चीख पुकार सुन लोग वहां जमा हो गए। बताया जाता है कि एक युवक ने घर के बाहर खेल रही एक 8 साल की बच्ची को अपने साथ खींच कर ले जाने का प्रयास कर रहा था जब बच्ची की चीख पुकार सुनकर लोग वहां पहुंचे तो वह युवक वहां से भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने पीड़ित बच्ची के परिजनों की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ पासको एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज करते हुए अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम दशरमन में 15 मई की रात लगभग 9:30 बजे एक 8 साल की मासूम बच्ची घर के समीप खेल रही थी। इसी दौरान बंटू पटेल नामक युवक वहां आया और बच्ची को जबरदस्ती खींचकर अपने साथ ले जाने का प्रयास करने लगा। बच्ची ने जब शोर मचा दिया तो गांव के अन्य लोग वहां जमा हो गए। लोगों की मौजूदगी देख बंटू वहां से भाग खड़ा हुआ। लोगों के जमा हो जाने पर बच्ची तो बच गई लेकिन बंटू फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित बच्ची के परिजनों की शिकायत के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ धारा 354, 354 क, 506 भादवी 7/8 पास्को एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश प्रारंभ कर दी है।

### बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा के संबंध में बैठक आज

**कटनी।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ढीमरखेड़ा की अध्यक्षता में बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा के संबंध में खण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक शुक्रवार 17 मई को दोपहर 12 बजे से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय ढीमरखेड़ा में आयोजित की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती विंकी सिंहमारे उईके द्वारा ढीमरखेड़ा के समस्त खण्ड स्तरीय अधिकारियों को आयेजित बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होनें कहा गया है।

---

बरही थाना क्षेत्र के बहिर्घटा मोड़ में हुआ हादसा

## पिकअप वाहन ने बाइक सवार भाईयों को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

बरही थाना क्षेत्र के बहिर्घटा मोड़ में पिकअप वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौके पर मृत्यु हो गई वही दूसरा युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए एंबुलेंस 108 कि मदद से जिला अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक बहिर्घटा निवासी रमेश पटैल पिता सुरेश पटैल कि मौके पर म्रत्यु हो गई वही मृतक का छोटा भाई सोनू पटैल गम्भीर रूप से घायल है। बताया जा रहा है कि मृतक का छोटा भाई काम करके बाहर से आया था बड़ा भाई छोटे भाई को लेकर घर जा रहा इसी दौरान यह हादसा घटित हो गया और दोनों युवक घर नही पहुंच पाए। हादसे में एक कि मृत्यु हो गई और दूसरा भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया



जिसे जिला अस्पताल पहुंच गया। मौके पर पहुंची बरही पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को बरही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए भेजा कर पोस्ट मार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### युवक ने लगाई फांसी, मौत

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत सुभाष चौक जयदयाल रोड निवासी एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार शुभम यादव पिता शारदा प्रसाद यादव 32 वर्ष ने अज्ञात कारणों से अपने घर पर फांसी लगा ली। बताया जाता है कि परिजन जब कमरे में पहुँचे तो शुभम को फांसी के फंदे में लटका देख स्तब्ध रह गए और उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुँचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भेजा और घटना को जांच में लिया है। फिलहाल कारण अज्ञात है।



### डेंगू बीमारी से बचाव एवं रोकने दी गई जानकारी




अंतर्राष्ट्रीय डेंगू दिवस के मौके पर सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जन जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान डेंगू के लक्षण, बचाव के उपाय और उपचार को लेकर जानकारी दी गई। अस्पताल पहुँचे मरीजों की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग के अमले ने लोगों को मच्छरदानी के उपयोग की अपील किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अजय सोनी ने बताया कि डेंगू एक घातक एवं तेजी से फैलने वाली मच्छर जनित बीमारी है। यह वैश्विक बीमारी है, जिसे मच्छरों की पैदावार रोककर ही फैलने से रोका जा सकता है। चूंकि एडीज मच्छर घर के अंदर बिना ढके, कुलर, छत पर रखे कबाड़ में जमा पानी इत्यादि में अपने अंडे देता है। इसलिए जब तक सभी आमजन अपने घर में साफ सफाई की जिम्मेदारी तथा मच्छरों की पैदावार के स्रोत को खत्म करने की जिम्मेदारी नहीं समझेंगे, तब तक डेंगू को रोकना संभव नहीं हो पाएगा।

---

## दो उद्योगपतियों के कार्यालय व घर में इनकम टैक्स अधिकारियों ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर के दो बड़े उद्योगपतियों के घर और कार्यालय में सुबह-सुबह इनकम टैक्स के आधा सैकड़ा से अधिक अधिकारियों ने दबिश दी है। जिसके चलते शहर में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। माधव नगर क्षेत्र में दाल, मैदा और आटा मिल संचालक अनिल केवलानी के परिवार के पांच बंगले में जहां एक साथ आयकर विभाग की टीम द्वारा जांच कार्यवाही की गई। वहीं मनीष गेई के माधव नगर गेट स्थित निवास और बरगवां इंडसट्रियल एरिया स्थित कार्यालय में जांच की गई।

आयकर चोरी को लेकर इंदौर, भोपाल और जबलपुर की टीम ने सुबह सुबह सबसे पहले अनिल इंडस्ट्रीज के मालिक अनिल केवलानी के माधवनगर स्थित आवास पर दबिश दी। आधा सैकड़ा से अधिक अधिकारियों की टीम ने एक साथ दबिश दी और अनिल केवलानी सहित उनके परिवार के पांच बंगलों में जांच शुरू की। वहीं माधवनगर स्थित दाल मिल, मैदा मिल और सायना स्कूल रोड स्थित आटा मिल में टीम जांच करने में जुटी रही।



शहर के दाल और आटा मिल सहित होटल के कारोबार से जुड़े उद्योगपति मनीष गेई के माधवनगर गेट स्थित निवास और बरगवां इंडसट्रियल एरिया स्थित कार्यालय में आयकर विभाग की टीम ने दबिश दी है और आय संबंधी दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। एक साथ अधिकारियों की बड़ी टीम के दबिश देने से शहर के दूसरे मिल संचालकों में भी हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

---

बड़वारा के आदर्श मोहल्ला में चल रही श्रीमद भागवत कथा

## कलयुग में भागवत कथा के श्रवण मात्र से मोक्ष प्राप्त होता हैः कथावाचक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा ग्राम में आदर्श मोहल्ला में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा हे। कथा का आयोजन बसंत लाल रजक एवम उनकी पत्नी श्रीमती कलावती रजक के यहां हो रहा है। 13 से 20 मई तक चलने वाली श्रीमद्भागवत कथा का वाचन पंडित श्याम शरण महाराज बृन्दावन धाम वाले के मुखारबिंद से किया जा रहा है।

गुरुवार को महाराज ने कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन किया। कृष्ण जन्म की कथा श्रवण कर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। धूमधाम से भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। कथावाचक श्याम शरण महाराज ने बताया कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्त होती है। कथा वाचक ने कहा की भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है भागवत कथा के आयोजन से श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। भगवान श्री कृष्ण के भेष में नन्हे बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे।



### श्रीकृष्ण के जन्म की सुनाई कथा

कथावाचक पंडित श्याम शरण महाराज जी ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि त्राहि मच गई चारों ओर अत्याचार अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्री कृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया एवं बताया कि संसार एक कुएं की तरह है बाहर रहकर अपनी जरूरत की चीज निकालते रहिए संसार में भगवान ही सबका भला चाहते हैं आज इंसानों में इंसानियत समाप्त होती जा रही है गुस्सा आता नहीं गुस्सा लाया जाता है जहां झूठ की जरूरत नहीं वहां झूठ नहीं बोलना चाहिए उन्होंने कहा कि मोह माया रुपी विवाह भोगों का उपभोग है जीव को अच्छा भोजन नाक को सुगंध अच्छी लगती है

उन्होंने कहा कि तृप्ति चाहिए तो त्याग करना होगा। अधिकांश लोगों के दुखों का कारण स्वयं है हमें भक्ति मय माहौल में रहना चाहिए और हमेशा लोगों के दुख में साथ देना चाहिए तभी हम लोग मोक्ष पा सकते हैं। 7 दिनों तक चलने वाला यह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान के चौथा दिन था। पुष्पांजलि कर प्रसाद वितरण किया गया जिसमें ग्राम एवं क्षेत्र के श्रद्धालु जनों की उपस्थिति रही।

---

चौपाटी दीनदयाल रसोई पहुंचे कलेक्टर ने लोगों से किया संवाद

## कलेक्टर ने 5 रूपये में जरूरतमंदों को मिलने वाले खाने को चखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने गुरूवार की दोपहर चौपाटी स्थित दीनदयाल रसोई पहुंचकर यहां जरूरतमंदों को 5 रूपये मे दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और रसोई में भोजन निर्माण के दौरान साफ- सफाई का औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने यहां आकर स्वयं खाने का टोकन लिया और हाल में बैठकर खाना खा रहे लोगों के बीच बैठकर खाना खाया और उसके स्वाद एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। आम लोगों की थाली की तरह ही कलेक्टर श्री प्रसाद की थाली मे भी दाल, चावल, रोटीख सोयबरी और आलू की सब्जी , खीर, सलाद और अचार परोसा गया। इस दौरान निगमायुक्त विनोद शुक्ला भी मौजूद रहे।

### ......क्यों भाई कैसा है खाना

कलेक्टर श्री प्रसाद ने दीनदयाल रसोई के हाल में बैठकर खाना खा रहे भट्टा मोहल्ला निवासी मनु सिंह के पास जाकर पूँछा - हॉ भाई खाना कैसा है ? इस पर मनु ने बताया कि 5 रूपये मे भरपेट खाना आज कहां मिलता है ...... साहब, और यहां का तो खाना बहुत ही स्वादिष्ट भी रहता है। मैं अक्सर यहां खाना खाने आता रहता हूॅ। यहां बैठकर खाना खा रहे पोड़ी निवासी चिक्कूलाल के पास पहुंचकर कलेक्टर ने कहा क्यों भाई .......खाना बढ़िया है ? इस पर चिक्कूलाल ने बड़ी सहजता से सहमति में सिर हिलाया। कलेक्टर ने यहां बैठकर महिलाओं को खाना खाते देखा तो



बोले - महिलायें स्वाद और गुणवत्ता की पारखी होती है। यह कहते हुए कलेक्टर महिलाओं के पास जा पहुंचे और खाने की गुणवत्ता और स्वाद के बारे में पूंछा तो - अमीरगंज निवासी खुशबू बाई और पलौंहा निवासी दुर्गाबाई चौधरी ने कहा खाना गरमागरम और बहुत ही स्वादिष्ट है। बिल्कुल घर जैसा, मिर्च - मसाला भी कम है। हम लोगों को यह खाना बहुत अच्छा लगा।

कलेक्टर द्वारा दीनदयाल रसोई के माध्यम से प्रदाय किये जानें वाले भोजन की जानकारी चाहे जानें पर व्यवस्थापक द्वारा बताया गया कि नागरिकों की रूचि का ख्याल रखते हुए साप्ताहिक मीनू निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार निर्धारित शुल्क 5 रूपये में सोमवार को कढी, चावल, रोटी, मंगलवार को छोंला सब्जी, चावल, रोटी, बुधवार को दाल, चावल , ग्रीन वेज, रोटी तथा गुरूवार को दाल चावल आलू सोयाबरी , रोटी, शुक्रवार को मूंग दाल, खिचडी, आलू मटर, रोटी एवं शनिवार को मिक्स दाल, चावल ,मिक्स सब्जी, रोटी प्रदान किया जाता है। उपायुक्त पवन अहिरवार ने बताया कि चौपाटी दीनदयाल रसोई में प्रतिदिन औसतन 150 से 200 लोग खाना खाते है।

उल्लेखनीय है कि दीनदयाल रसोई योजना के तृतीय चरण में नगर निगम कटनी द्वारा दो स्थाई एवं 1 चलित रसोई योजना का संचालन घनश्याम सेवा समिति दिल्ली द्वारा किया जा रहा है। रसोई केन्द्र क्रमांक 1 बस स्टेंड में रोजाना लगभग 150- 200 लोग तथा चौपाटी के पास ि स्थित रसोई केन्द्र क्रमांक 2 में रोजाना लगभग 200 से 250 लोाग प्रतिदिन भोजन प्राप्त करते है इसी तरह चलित रसोई के माध्यम से 100 से 150 लोगों को भोजन प्रदाय किया जाकर भोजन प्राप्त करने वाले का नाम रसोई पोर्टल पर ऑनलाईन दर्ज किया जाता है।

---

## रेत के अवैध परिवहन पर 31 हजार से अधिक का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के खनिज गौण के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा नियमित निगरानी और नजर रखी जाकर खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों पर जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। रेत के अवैध परिवहन के मामले में जप्त किये गए एक वाहनों से 31 हजार 625 रूपये का प्रशमन शुल्क जमा कराया जाकर वाहन मुक्त करने की कार्यवाही की गई।

जिला खनिज अधिकारी नें बताया कि विगत 7 अप्रैल को ग्राम सल्हना मोड के पास आकस्मिक निरीक्षण के दौरान हरे रंग का बिना नंबर का ट्रेक्टर वाहन ट्राली सहित अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, दिनेश कुमार यादव पिता विनोद कुमार यादव निवासी सल्हना तहसील बड़वारा द्वारा 3 धनमीटर रेत का अवैध परिवहन करते पाया गया। जिस पर खनिज विभाग द्वारा वाहन जप्त किया जाकर मध्यप्रदेश खनिज गौण नियम के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर अनावेदक को निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि 31 हजार 625 रूपये जमा करनें का सूचना पत्र जारी किया गया।

अनावेदक द्वारा उपस्थित होकर प्रशमन शुल्क की जमा करनें की बात कही जाकर वाहन मुक्त करने का अनुरोघ किये जाने पर जिला खनिज अधिकारी द्वारा अनावेदक से निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि 31 हजार 625 रूपये जमा कराया जाकर प्रकरण विधि संगत कार्यवाही हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**खबर संक्षेप**



## एनेमिक गर्भवती महिला को बचाने आगे आया प्रशासन

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा प्रसव के रेफरल मामलों की नियमित समीक्षा और निगरानी की वजह से संवेदनशील और जनोन्मुखी प्रशासन की सक्रियता और तत्परता से ढीमरखेड़ा क्षेत्र की ग्राम खाम्हा की मानसिक रूप से अस्वस्थ 8 माह की गर्भवती महिला को समय पर उपचार मिल सका। जिला प्रशासन की टीम की सक्रियता की वजह से बहोरीबंद के चरगवॉ गांव से ढीमरखेड़ा के खाम्हा गांव पहुंची 8 माह की हाईरिस्क गर्भवती आदिवासी महिला जिसका मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं है। साथ ही उसके पति की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। उसे परियोजना अधिकारी, आरती यादव, पटवारी, महेन्द्र थूल, सरपंच सुशील पाल और सी.एच.ओ. सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ए.एन.एम. कुसुम राजमर और आशा कार्यकर्ता द्वारा गर्भवती के परिजनों को समझाईश देने के बाद वे उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार हेतु भर्ती कराने सहमत हुए। डॉ. बी.के. प्रसाद ने बताया कि बुधवार की शाम 7 बजे गर्भवती को 108 एम्बुलेंस की सुविधा मुहैया कराकर उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कर दिया गया है, जहां उनका उपचार भी शुरू हो गया है।

## सुरक्षाबलों को मुस्तैद रह कर निगरानी के निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवि प्रसाद ने बुधवार की शाम को स्थानीय कृषि उपज मंडी स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने पहुँचे। यहां उन्होंने आयोग के निर्देशानुसार चॉक- चौबंद व्यवस्थाएं देखी। साथ ही उन्होंने निरीक्षण रजिस्टर पर इंट्री कर सुरक्षा गार्ड से दो चक्र में लगी सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा सीसीटीवी कैमरों से हो रही लगातार निगरानी के वीडियो फुटेड का जायजा लिया और सुरक्षा बलों को मुस्तैद रहकर निगरानी करने के निर्देश दिए। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 में संसदीय क्षेत्र शहडोल अंतर्गत आनें वाली बड़वारा विधानसभा एवं संसदीय क्षेत्र खजुराहों के अंतर्गत आने वाली विजयराघवगढ़, मुड़वारा एवं बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रो में मतदान पश्चात कृषि उपज मंडी पहरुआ कटनी में ईव्हीएम और व्हीव्हीपीएटी को विधानसभावार बने स्ट्रांग रूम में रखा गया है। आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्ट्रांग रूम की 24 घंटे निगरानी हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की शिफ्टवार डयूटी लगाई गई है। इसके अलावा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद भी इस दौरान रोजाना स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था चाक- चौबंद रखने के निर्देश दिए जा रहे है।

### सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों का उपस्थित होकर करायें निराकरण

# शिकायतों के निराकरण में लापरवाही, की जाएगी अनुशासनात्मक कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




कलेक्टर अवि प्रसाद नें सीएम हेल्पलाईन की 50 दिवस एवं ग्रेडिंग माह अप्रैल 2024 की लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु तिथि एवं समय निर्धारित करते हुए जिले के 8 विभागों के 11 अधिकारियों कार्यालय प्रमुख व एल-1 अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यालय कलेक्ट्रेट आपदा नियंत्रण कक्ष क्रमांक 99 एवं लोक सेवा प्रबंधन कार्यालय में उपस्थित होकर शिकायतों का निराकरण कराने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री प्रसाद नें अधिकारियों को विभागों की लंबित शिकायतों एवं वर्तमान ग्रेडिंग माह अप्रैल 2024 की लंबित शिकायतों का निराकरण दर्ज करते हुये संतुष्टि से बंद कराने एवं 50 दिवस को लंबित शिकायतों को कम करनें के निर्देश दिए है। लंबित शिकायतों की समीक्षा निर्धारित तिथि एवं समय में कार्यालय कलेक्ट्रेट आपदा नियंत्रण कक्ष क्रमांक-99 एवं लोक सेवा प्रबंधन कार्यालय में की जावेगी।

कलेक्टर श्री प्रसाद नें 50 दिवस से अधिक समय की लंबित शिकायतों एवं वर्तमान ग्रेडिंग माह की लंबित शिकायतों के निराकरण प्रतिवेदन सहित संबंधित अधिकारियों को स्वयं तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारी के साथ उपस्थित होकर एल-2, एल-3 स्तर से मान्य एवं अमान्य करने तथा शिकायतकर्ता से चर्चा कर शिकायतों को संतुष्टि के साथ बंद करानें के निर्देश दिए है। जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधक विभाग को ग्रेडिंग माह, सीपीग्राम तथा 50 दिवस की बंद शिकायतों की परफार्मेंस रिपोर्ट से अवगत करानें के निर्देश कलेक्टर श्री प्रसाद ने दिए है।

कलेक्टर श्री प्रसाद नें निर्देशित किया है कि किसी भी स्थिति में अधीनस्थ की उपस्थिति स्वीकार्य योग्य नहीं होगी तथा अनुपस्थित होने की दशा में संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेंगी।

### इन्हे उपस्थित होने के निर्देश

कलेक्टर श्री प्रसाद ने शिकायतों के निराकरण हेतु जिन अधिकारियों को निर्देशित किया है उनमें लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग के समस्त एल-1 अधिकारी सहायक यंत्री, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के समस्त एल-1 कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सीएमएचओ एवं समस्त एल-1 अधिकारी बीएमओ तथा जिला अस्पताल सिविल सर्जन शामिल है।

इसी तरह राजस्व विभाग अंतर्गत एल-1 अधिकारी तहसीलदार बरही एवं बड़वारा कटनी शहरी एवं ग्रामीण, तहसीलदार बहोरीबंद, स्लीमनाबाद एवं ढीमरखेड़ा तथा एल-1 अधिकारी विजयराघवगढ़ एवं रीठी शमिल है।

जबकि मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के एल-1 अधिकारी डीएम नान, राज्य शिक्षा केन्द्र विभाग के डीपीसी एवं समस्त बी.आर.सी सहित लोक शिक्षण विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी एवं समस्त बीईओ शामिल है।

# अंध मूक आवासीय विद्यालय खोलने की आड़ में झांसा देकर किया जबरन कब्जा

**तहसीलदार एवं श्रम निरीक्षक से जांच करा कर मांगा प्रतिवेदन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के देवरी बिछिया गांव में धर्मार्थ ट्रस्ट की आड़ में गांव में अंध मूक आवासीय विद्यालय खोलने का झांसा देकर जबरन कब्जा किये जाने का मामला सामने आया। पीड़ित परिवार खुद का मकान और मजदूरी पाने दर दर भटक रहा है। पीड़ित परिवार ने अधिकारियों से शिकायत करते हुए मामले पर कार्रवाई करने की मांग किया है।

देवरी बिछिया निवासी रवि कुमार बर्मन ने ढीमरखेड़ा एसडीएम विन्की सिंह मारे और तहसीलदार आशीष अग्रवाल को शिकायत करते हुए बताया कि घुघरा निवासी प्रकाशचंद सोनी,मातादीन सोनी और किशन सोनी धर्मार्थ ट्रस्ट की आड़ में झांसा लेकर उसके मकान में कब्जा कर लिया है। अंध मूक आवासीय विद्यालय खोलने की बात कहकर अनाधिकृत रूप से कब्जा करने के बाद रहने के लिए भवन निर्माण कराया जा रहा है। इतना ही नहीं रवि के परिवार के लोगों से मजदूरी कराने के बाद उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मजदूरी के रुपये मांगने पर अंध मूक के चलते पीड़ति को झूठी शिकायत कर डराया धमकाया जा रहा है। पुलिस के साथ मिलकर मारपीट करने की शिकायत भी पीड़ति रवि ने अधिकारियों से करते हुए न्याय की गुहार लगाकर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग किया है।

इस मामले पर ढीमरखेड़ा एसडीएम विन्की सिंह मारे ने तहसीलदार और श्रम निरीक्षक से जांच कराते हुए प्रतिवेदन मांगा है।

**शासकीय अस्पताल मे पुलिस ने जनसंवाद कर किया जागरूक**

# आशा कार्यकर्ताओं से कहा स्वयं भी रहे जागरूक व ग्रामीणों को भी करें सतर्क



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

बरही पुलिस ने गुरूवार को शासकीय अस्पताल बरही में 52 गांव की 92 आशा कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण के दौरान जनसंवाद अभियान में साइबर अपराध नाबालिग एवं बालिग के लापता होने के मामलो में, सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में, महिला संबंधी अपराधो के संबंध मे स्वयं जागरूक रहने व ग्रामीणजनों को जागरूक करने की जानकारी दी।

थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के नेतृत्व, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ के.पी. सिंह के मार्गदर्शन में जनसंवाद थाना स्तर स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में गुरूवार को थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में बरही पुलिस ने शासकीय अस्पताल बरही में 52 गांव की 92 आशा कार्यकर्ताओ के बीच जनसंवाद अभियान के तहत साइबर अपराध में मोबाईल की ओटीपी व अन्य माध्यम के जरिए होने वाले बैंक के लेन-देन के फ्राड, नाबालिग व बालिगों के लापता होने के मामले, सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली क्षति के संबध मे एवम महिला संबंधी अपराधो के संबंध में स्वयं जागरूक रहकर ग्रामीण जन को जागरूक करने में मदद करने की दी जानकारी साथ ही किसी प्रकार से मोबाइल से ओटीपी एवं आधार कार्ड का नंबर ना बताएं ऐसा कोई व्यक्ति पूछता है तो तुरंत बैंक एवं पुलिस को सूचना देवें।

जनसंवाद कार्यक्रम मे थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव , उप निरी विनोदकांत सिंह , सउनि जगदीश पान्डे, प्रधान आरक्षक अजय पाठक उपस्थित रहे।

## छग की महिला एवं बाल विकास मंत्री पहुंची कटनी




अल्प प्रवास पर कटनी पहुंची छत्तीसगढ़ सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े का भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष दीपक सोनी की अगुवाई में स्वागत किया। इस दौरान श्रीमती राजवाड़े ने भाजपा जनों से संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने श्रीमती राजवाड़े को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यालय में इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय, जिला मंत्री आशीष गुप्ता बाबा, मण्डल अध्यक्ष मनीष दुबे, वागीश आनन्द, संदीप दुबे, भाजयुमो अध्यक्ष मृदुल मिश्रा, सचिन तिवारी, यज्ञदत्त मिश्रा, बालमुकुंद गुप्ता, आशीष मिश्रा, शांतनु दत्ता, नवीन मोटवानी, सौरभ अग्रवाल, विजय पटेल आदि मौजूद रहे।

# समर सीजन में बच्चों और युवाओं की प्रतिभा निखारने किया जा रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



युवा प्रतिभाओं को तराशकर उन्हें प्रशिक्षित कर मंच प्रदान करने एवं उनका करियर संवारने की दिशा में तथास्तु डांस स्टूडियो (टीडीएस) द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में

तथास्तु डांस स्टूडियो द्वारा समर सीजन में बच्चों, युवाओं एवं सभी आयु वर्ग के लोगों को आर्ट एंड कल्चरल एक्टिविटिज से जोडऩे के उद्देश्य से समर कैम्प का आयोजन किया गया है, जिसमे सभी प्रतिभागियों को अलग-अलग विधाओं में पारंगत करते हुए उनके हुनर को सामने लाने की कोशिश की जा रही है। डांस स्टूडियो की संचालक सृष्टि निगम ने बताया कि तथास्तु डांस स्टूडियो द्वारा पहली बार समर कैम्प का आयोजन 10 मई 2024 से 10 जून 2024 तक कटनी नर्सिंग होम, शहीद द्वार के सामने किया गया है, जिसमे किसी भी आयु वर्ग के लोग कैम्प में आकर कल्चरल एक्टिविटिज में शामिल होकर अपने हुनर को निखार सकते हैं। सृष्टि निगम ने बताया कि समर कैम्प में डांस, शतरंज, वोकल म्यूजिक, सेल्फ डिफेंस जूडो, आर्ट एंड क्राफ्ट, गेम्स एवं अन्य एक्टिविटीज शामिल है। वेस्टर्न डांस में हिप-होप डांस का प्रशिक्षण जितेन्द्र जोशी जैक, इंडियन क्लासिकल कथक डांस का प्रशिक्षण मोहिनी दुबे, वोकल म्यूजिक का प्रशिक्षण पवन चौधरी, शतरंज की ट्रेनिंग आसिफ खान एवं आर्ट एंड क्राफ्ट का मागदर्शन सृष्टि निगम द्वारा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी टीचर कल्चरल एक्टिविटीज में काफी अनुभवी एवं पारंगत है और इंदौर व मुंबई सहित अन्य महानगरों में काफी समय तक काम कर चुके हैं। समर कैम्प के समापन पर एक शो का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमे कैम्प में शामिल प्रतिभागियों द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा। इसी कड़ी में आगामी शनिवार-रविवार को फ्री डेमो सेशन का आयोजन शाम 4 बजे से 7 बजे के बीच किया गया है।

**एक युवती पर परेशान करने का लगाया आरोप**

# एसपी कार्यालय में युवक ने खाई चूहामार दवाई, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



एक युवक के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में युवक ने चूहामार दवाई खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। युवक द्वारा आत्मघाती कदम उठाए जाने की जानकारी लगने के बाद एसपी कार्यालय में खलबली मच गई। आनन फानन में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार है।

जानकारी के अनुसार मूलतः उमरिया जिले का रहने वाला 26 वर्षीय विकास पांडे वर्तमान में कोतवाली थाना क्षेत्र के दुबे कॉलोनी में रहता है। बुधवार की दोपहर एसपी अभिजीत कुमार रंजन के पास वह अपने साथ हुई मारपीट की घटना में प्रभावी कार्यवाही की मांग करने के लिए मुलाकात करने पहुंचा था। काफी देर तक जब वह एसपी से मिलने के लिए इंतजार करता रहा और उसे मिलने का मौका नहीं मिला तो उसने अपने साथ लाई चूहा मार दवा खा ली।

विषैली दवा का सेवन करने के बाद उसने दवा के पैकेट को वहां मौजूद पुलिस कर्मचारियों को दिखाया, और कहा कि मेरी सुनवाई नहीं हो रही है, इसलिए मैंने जहर खा लिया है। अब मैं यही मर जाऊंगा। यह सुनते ही कर्मचारी सख्ते में आ गए और उन्होंने इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी। आनन फानन में युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर उपचार के बाद युवक के स्वास्थ्य में सुधार बताया जा रहा है। युवक ने कहा की एक दिन पहले मेरे मम्मी पापा एसपी ऑफिस आए थे। जहां कोई सुनवाई नहीं हुई। मेरे मम्मी पापा को क्यों परेशान किया जा रहा है। उसने कहा कि एक युवती मेरे यहां 2019 में आवास फाइनेंस कंपनी जुहला मोड़ के पास काम करती थी। कई बार उसने रुपए मांगे थे। ना देने पर झूठे केस लगवा देने की धमकी दी थी। तीन बार शिकायत भी कर चुकी है।

इस मामले में कोतवाली टीआई आशीष शर्मा का कहना है कि युवक का एक युवती से प्रेम प्रसंग था। युवती ने जब प्रेम करने से मना कर दिया तो वह जबरदस्ती उसके यहां जाकर विवाद करने लगा। इसी बात को लेकर युवती के भाई ने मारपीट कर दी। युवक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। 10 मई को धारा 294, 323, 506, 34 का मामला दर्ज किया गया था। बेवजह युवक जहर पीने का नाटक कर रहा है। युवक शराब के नशे में था। चूहा मार दवा भी साथ में लिए था। वह शाम को फिर शराब पीते हुए दिखाई दिया है।

### ग्राम पंचायत हिरवारा का मामला, भू माफियाओं पर कलेक्टर की नजर

# प्लाटिंग कर अवैध कॉलोनी बसाने पर पटवारी से जांच प्रतिवेदन तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



अवैध रूप से की जा रही प्लांटिग की जानकारी सामने आने के बाद कटनी एसडीएम ने हल्का पटवारी से जांच प्रतिवेदन तलब किया है। ग्राम पंचायत हिरवारा के खसरा नंबर 1046 में भू माफिया के द्वारा 4.11 हेक्टेयर भूमि पर अवैध कालोनी बसाने की तैयारी की जा रही है जिसकी खबर जब कटनी एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा को लगी तो उन्होंने पटवारी से इस पूरे मामले की जांच रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश जारी कर दिए। बताया जाता है कि हल्का पटवारी ने जांच प्रतिवेदन बनाया है जिसमें अवैध प्लाटिंग किए जाने का जिक्र किया है।

सूत्रों के अनुसार इस कॉलोनी को ना तो ग्राम पंचायत ने किसी प्रकार की अनुमति प्रदान की और ना ही राजस्व विभाग ने। इतना ही नहीं भू माफिया ने बाकायदा रोड बनाकर वहां पर बिना किसी वैधानिक अनुमति के बिजली के पोल भी खड़े कर दिए और लाइन भी निजी इलेक्ट्रिशियनों से खिंचवा दी। अवैध प्लाटिंग को लेकर पटवारी द्वारा प्रस्तुत किए गए जांच रिपोर्ट के आधार पर पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार करके जिले के प्रमुख अधिकारियों के सामने प्रस्तुत की जाएगी जिसके बाद अवैध कॉलोनाइजर के खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करके मुनाफा कमाने वालों के खिलाफ प्रदेश सरकार ने भी सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हुए हैं। प्रदेश सरकार के निर्देश के आधार पर जिला कलेक्टर लगातार अवैध कॉलोनी बसाने वालों पर कार्यवाही करते दिखाई दे रहे हैं।

गौरतलब है कि कटनी तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत हिरवारा पटवारी हल्का नंबर 32 के चुनकाई मोहल्ला में मस्जिद के पीछे एनकेजे से लगे एरिया में खसरा नंबर 1046 मौजूद है। खसरा नंबर 1046 की 4.11 हेक्टेयर भूमि पर कटनी निवासी भू माफिया द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी बसाई जा रही है। बताया जाता है कि भू माफिया ने कॉलोनी बसाने के लिए बाकायदा प्लाट काटे, सड़क बनाई और अब तो बिना बिजली विभाग से अनुमति लिए 6 बिजली के पोल भी खड़े कर दिए और उनमें बाकायदा बिजली की लाइन खिंचवा दी। सूत्र बताते हैं कि भू माफिया ने इस अवैध प्लाटिंग के गोरख धंधे को अंजाम देने के लिए किसी व्यक्ति को डमी कैंडिडेट के तौर पर खड़ा कर रखा है। उसी के द्वारा कुछ रजिस्ट्रियां भी जमीन की की गई हैं। सूत्र की माने तो अब तक भू माफिया के द्वारा इस रकबे की लगभग 25000 वर्ग फीट जमीन बेच दी गई है।

### पटवारी से मांगा जांच प्रतिवेदन, अधिकारियों को सौंपा जाएगा

इस संबंध में कटनी एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने बताया कि ग्राम पंचायत हिरवारा में अवैध कॉलोनी मामले की जानकारी मिलने पर हल्का पटवारी से जांच प्रतिवेदन मांगा गया है। जांच प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारियों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।

# सेंट्रल बैंक बड़वारा में शाखा प्रबंधक नहीं होने से ग्राहक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



बैंकों में खाता खुलवाकर अपनी एकत्रित पूंजी को जमा करना व राशि को निकलवाने की सुविधा के लिए शासन ने बैंकों को खोल कर तमाम तरह की सुविधाएं प्रदान करवाई हैं। किसी व्यक्ति को चैक जमा करना है तो किसी को मैच्योरिटी करवाना है तो इसके लिए लोगों को शाखा प्रवन्धक न होने के कारण परेशान होना पड़ रहा है। बड़वारा एवम आस पास के ग्रामीण क्षेत्र से लोग बैंक से सम्बंधित कार्य करवाने बैंक आते हैं किंतु शाखा प्रवन्धक के नही होने से लोगों के कार्य नही हो पाते हैं।

### नया खाता खुलवाने में होती है परेशानी

यदि किसी ग्राहक को सेंट्रल बैंक बड़वारा की मुख्य ब्रांच में खाता खुलवाना है तो उसका बड़वारा सेंट्रल बैंक की मुख्य ब्रांच में खाता नहीं खोला जाता है सेंट्रल बैंक बड़वारा के ही सामने सन्चालित कियोस्क बैंक में खाता खुलवाने भेज दिया जाता है जबकि ग्राहक एक हजार रुपये देकर बड़वारा सेंट्रल बैंक की मुख्य ब्रांच में ही खाता खुलवाने को राजी रहता है इसके बावजूद ग्राहक को कियोस्क बैंक में खाता खुलवाने को भेजा जाता है। जो कि उपभोक्ता नियमों के अनुसार उपभोक्ता का शोषण करने की परिधि में आता है।

क्षेत्र के झिंझरी निवासी समाजसेवी राजाराम पटेल ने जिला कलेक्टर एवम बैंक के अधिकारियों से मांग की है कि बड़वारा स्थित सेंट्रल बैंक में अतिशीघ्र शाखा प्रवन्धक को पदस्थ किया जाए ताकि क्षेत्र के लोगों को बैंक सम्बंधित कार्यों को करबाने में परेशानी का सामना न करना पड़े व बैंक में खाता खुलवाने में आसानी हो तथा वेवजह भटकना न पड़े।

**खबर संक्षेप**

## रविदास जी की प्रतिमा की हुई स्थापना

**दमोह।** ग्राम इमलिया लांजी में संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा कि स्थापना की गई। इस अवसर पर संत श्री रामदयाल शास्त्री जी प्रदेश धर्माचार्य अ.भा.र.घ.सं. मध्यप्रदेश द्वारा विधि विधान के साथ प्रतिमा निशान साहिब व ग्रन्थ की स्थापना कि इसके बाद अमृतवाणी की गई जिसमें सतगुरू रविदास जी के सम्पूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला गया और बताया गया कि हमें रविदास जी के व डॉ. बाबा साहब अंबेडकर के विचारो पर चलना चाहिए जिससे हमारा एवं हमारे समाज का सुधार होगा और समाज उन्नति करेगा। कार्यक्रम में सम्पूर्ण दमोह जिले के ग्रामीण क्षेत्रो के गणमान्य नागरिको की उपस्थिति रही। डॉ.केपी अहिरवार प्रदेश महासचिव, डॉ.एलआर सुमन संभागीय अध्यक्ष, डॉ. आरपी अहिरवार, महेन्द्र कुमार बौद्व जिलाध्यक्ष, रेवाराम मिस्त्री तेन्दुखेड़ा, सुंदरलाल अजीतपुर, अमित कुमार पटेल, नारायण प्रसाद बांसा, गुठ्ठेलाल, रमेश सगोरिया, दरबारीलाल, रामनाथ पिपरिया, लक्ष्मण नारायन, बाबूलाल, नत्थू, तुलसीराम, बेनी प्रसाद बालाकोट, हरिदास, लखनलाल, सीतारानी, कालूराम आदि हजारो की संख्या में गुरूप्रेमियो की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन जिलाध्यक्ष मुकेश अहिरवार द्वारा किया गया।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास के कार्यों की हुई समीक्षा, संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश

# मनरेगा अंतर्गत मशीनों, जेसीबी का उपयोग न हो-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास के कार्यो से संबंधित एक वृहद बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्पित वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सौरभ गंर्धव, समस्त सीईओ जनपद पंचायत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे। इस आयोजित बैठक में में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास, अमृत सरोवर, राष्ट्रीय आजीविका मिशन इन सभी परियोजनाओं के बारे में क्रमवार और बिंदुवार समीक्षा करते हुए कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा इन सभी योजनाओं में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री कोचर ने आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए पेयजल संबंधी विषय और वर्षा ऋतु के पहले चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया जहां-जहां पर कमियां और चुनौतियां हैं, उनको रणनीति बनाकर सुनियोजित कार्य योजना के साथ पूरा किया जाये। श्री कोचर ने कहा मनरेगा के अंतर्गत बिल्कुल भी मशीनों, जे.सी.बी. का उपयोग ना हो सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा यदि कोई उपयोग करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, इसको बार-बार दोहराया गया है। इसकी लगातार नियमित रूप से मॉनिटरिंग कड़ाई से सुनिश्चित की जाये, इसके अलावा गौशालाओं के संचालन के विषय में भी समीक्षा की गई। उन्होंने पशुपालन और कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं के संबंध में उनका क्रियान्वयन किया जा रहा है, उनका पूरा एक रोडमैप देखा और आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए गए। आयोजित इस बैठक में कलेक्टर श्री कोचर ने अजीविका मिशन के तहत स्व-सहायता समूह की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली और कहां की वे जाकर गतिविधियां भी देखना चाहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह

## भगवान गौरीशंकर को लगा रहे चंदन का लेप

### गर्मी में ठंडक के लिए पहनाए जाते सूती वस्त्र, भोग में सत्तू और ठंडाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए उपकाशी हटा में सुनार नदी के तट पर श्मशान घाट के समीप विराजमान दूल्हा वेशधारी भगवान गौरीशंकर को शीतलता प्रदान करने के कार्य किया जा रहे हैं। मंदिर के पुजारी पंडित रामसुजान पाठक ने बताया कि भगवान की प्रतिमा को सूती वस्त्र धारण कराया जा रहा है, चंदन का लेप लगाया जा रहा है इसके अलावा भोग भी मौसम के हिसाब से बदल गया है। उन्होंने बताया कि वैशाख के महीना में बेल का जूस, छाछ, दही, लस्सी, श्रीखंड, गन्ने का रस, तरबूज, मौसंबी, संतरे, सत्तू का भोग लगाया जा रहा है। ठंडकता के लिए खासतौर पर चंपा चमेली मुहावरे के फूलों के अलावा मोती के आभूषणों से श्रृंगार किया जा रहा है। गर्मी में भगवान के समक्ष 24 घंटे कूलर पंखे चलाए जा रहे, गर्वग्रह में घड़े में पानी रखा गया है।

## डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति की हुई पुनः स्थापना



**सगोनी।** ग्राम पंचायत पटेरिया मे कुछ माह पहले डॉ. भीमराव अंबेडकर साहब की प्रतिमा स्थापित की गई थी। किसी अज्ञात में मूर्ति की उंगली तोड़ दी। पूर्व में मूर्ति की स्थापना ग्राम के हरिजनो द्वारा करवाई गई थी। उंगली टूटने की सूचना हरिजनो द्वारा पुलिस थाना कुम्हारी व तहसीलदार को दी गई मौके पर पहुंचे पुलिस स्टाफ व तहसीलदार से हरिजनो ने दूसरी मूर्ति की मांग की इसमें शासन के द्वारा पुणे दूसरी मूर्ति की व्यवस्था कर पुनः स्थापित की गई। जिसमें नायाब तहसीलदार पटेरा राजेश सोनी, थाना प्रभारी रोहित द्विवेदी, राजेंद्र मिश्रा, राजेश पटेल, समस्त पुलिस स्टाफ व ग्राम के नागरिक मुलाम राय, पवन राय, गनेश हरिजन, मर्दन हरिजन, सुनील केसरी, संदीप हरिराम सचिन किशोरी मगन व समस्त हरिजन व ग्राम के लोगों की उपस्थिति रही।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण का शुभारंभ

**बनवार।** वैशाखस्मास के अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा का शुभारंभ गुरुवार को ग्राम खमखेरा हनुमान मंदिर में किया गया।कथा वाचक प. पंडित कृष्ण कांत गौतम ने पहले दिन भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है, जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। प. कृष्ण कांत ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है, भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है। अधिक मास में इसके श्रवण का महत्व है। भागवत कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेद, उपनिषद का सार रूपी फल है। यह कथा रूपी अमृत देवताओं को भी दुर्लभ है। इस मौके पर समस्त ग्रामीण मौजूद थे।

## कृष्ण ने अपने आंसू से धोए मित्र सुदामा के पैरः पं उमाशंकर शास्त्री

**बनवार।** खेड़ार हनुमान जी महाराज मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा प्रवक्ता पंडित उमाशंकर शास्त्री ने प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने सातवें दिन श्रीकृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा प्रवक्ता ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए।यह भगवान कृष्ण सुदामा से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र से सखा सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला ब्राह्मण समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र है इस पर द्वारपालों को विश्वास नहीं हुआ और सोच में पड़ गए द्वारकाधीश के मित्र ऐसे दिन हीन कैसे हो सकते हैं, लेकिन सुदामा के बार-बार आग्रह करने पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से भगवान कृष्ण ने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा-सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाय दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया। प्रभु श्रीकृष्ण ने दोस्त के लाए चावलों को खुशी-खुशी ग्रहण किया और उन्हें पूरी सृष्टि देने क तैयार हो गए। एक राजा होते हुए कृष्ण सुदाम को अपने महल लाए, खुद उनके पैन धोए, सुदामा के पैरों में चुभे कांटों क देख रोने लगे। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब-जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है। प्रभ उनका तारण करने अवश्य आए है सात दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के समापन अवसर पन कथा व्यास ने कहा जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है।

## बिना भाव के भगवान कीमती चीजों को भी ग्रहण नहीं करतेः आशीष कृष्ण

**बनवार।** यदि भाव से एक फूल ही चढ़ा दें तो प्रभु प्रसन्न हो जाते हैं। जिस व्यक्ति में ईश्वर प्रेम का भाव पैदा हो जाए तो उसे ईश्वर की लगन लगी रहती है। यह बात आशीष कृष्ण चरणानुरागी गुरु महाराज ने कथा के दौरान श्रोताओं से कही ग्राम बम्होरी में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस को महराज जी ने श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया. श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच बीच में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई. कथा में भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया. महाराज जी ने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए. जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गई। कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया. गोपी उद्धव संवाद, श्री कृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई. भगवान श्री कृष्ण रुकमणी जी के समस्त श्रद्धालु भक्तजनों ने रुक्मणि मंगल का आंनद लिया।

## जेल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस

**दमोह।** राज्य आनंद संस्थान द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जिला प्रशासन आनंद विभाग दमोह के मार्गदर्शन में दमोह जिला जेल के केदियों के बीच अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, एडीएम मीना मसराम एवं नोडल अधिकारी डॉ. कीर्तिकाम दुबे की ओर से सभी को सुंदर, सुरक्षित, स्वस्थ परिवार होने की शुभकामनाएं दी गई। सहायक नोडल अधिकारी और मास्टर ट्रेनर रमेश कुमार व्यास एवं उषा व्यास द्वारा जिला जेल के बैठक कक्ष में लगभग 60 विचाराधीन कैदियों के साथ



स्हमारा परिवार और रिश्तेस सत्र को आयोजित करते हुए विभिन्न गतिविधियों और संबंधों की गहराई से चर्चा की गई। रमेश व्यास ने सत्र के प्रारंभ में राज आनंद संस्थान की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया जो स्वयं से जुड़ने के लिए आनन्द संस्थान अल्पविराम विधा की बात करता है। अल्पविराम विधा, स्वयं के साथ साथ परिवार और समाज के साथ भी अपने संबंधों को मजबूत करने में सक्षम बनाती है। उषा व्यास ने बताया कि जीवन में रिश्तों का क्या महत्व है और उन्होंने अपने जीवन में रिश्तों को किस तरह सहेज कर जीने का प्रयास किया है। सत्र के द्वितीय चरण में रमेश व्यास ने अपने जीवन में रिश्तो के ताने-बाने और उसके बिगड़ने और फिर उसको संभालने के लिए किए गए अपने प्रयासों की चर्चा की। इस सत्र में उपस्थित प्रतिभागियों में से सौरभ ने अपने विचार रखते हुए बताया कि अब वह अपने टूटे हुए रिश्तो को पुनः जोड़ने का प्रयास करेंगे। विक्की वाल्मिक ने कहा कि अब तक हम से जो गलतियां हुई है उनको स्वीकारते हुए अपने परिवार से जुड़ेंगे। एक अन्य कैदी श्यामलाल ने परिवार के महत्व को समझते हुए कहा अब वह परिजनों से क्षमा मांगते हुए पुनः प्रेम पूर्वक अपना जीवन व्यतीत करना चाहेंगे। कार्यक्रम में जिला जेल में कार्यरत शिक्षक ऋषिकांत शुक्ला ने समस्त आयोजकों, प्रतिभागियों और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# 13 दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर के सीएम राइज स्कूल में 13 दिवसीय ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लिया बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती वंदना से की गई इसके उपरांत बुंदेलखंडी गीत की प्रस्तुति छात्राओं द्वारा दी गई वही जूनियर एवं सीनियर बालक बालिकाओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। समर कैंप में छात्र-छात्राओं ने खेलकूद आर्ट एंड क्राफ्ट चित्रकला डांस म्यूजिक व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीएस राजपूत ने छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित कर कहा कि आज के समय प्रायः देखने मिलता है कि ज्यादातर लोग अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए निजी स्कूलों का चुनाव करते है लेकिन अब ऐसी गतिविधियों के माध्यम से शासकीय स्कूल भी अब किसी भी मामले में निजी स्कूलों से पीछे नहीं है यहां हुनर सिखाने वाले शिक्षक शिक्षिकाएं है जो परीक्षा पास करके सीएम राइज स्कूल आये है इसके अलावा पढाई लिखाई के साथ अन्य गतिविधियां भी चल रही है वास्तव में ऐसे विधालय बच्चों को शिक्षा लेने हेतु आकर्षित करते है क्योंकि। वर्तमान समय में बच्चों को शिक्षा के अतिरिक्त अन्य कौशल भी सीखना जरूरी है। समर कैंप के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है विद्यार्थियों के लिए यह ऐसा समय है जो अमूल्य है और अपने अमूल्य समय को व्यर्थ करने के स्थान पर अथक परिश्रम करना चाहिए। संस्था के प्राचार्य द्वारा विधालय में चल रही गतिविधियों का अवलोकन कराया। समर कैंप प्रभारी मनीष चौरसिया व कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रितेश दुबे ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। आयोजित समर कैंप में मुकेश श्रीवास्तव ,ऋतेश दुबे, वतन विश्वकर्मा , सूरज सिंह लोधी हरिराम हरिद्वार कामिनी सोलंकी, ऋचा चौबे, सत्येंद्र सिंह परिहार, अंबानाथ स्वर्णकार का विशेष योगदान रहा।

## वित्तीय साक्षरता अभियान के लिये प्रचार वाहन रवाना

**दमोह ।** दमोह जिले में वित्तीय साक्षरता परियोजना अंतर्गत कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान रथ (प्रचार वाहन) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अग्रणी जिला प्रबंधक नरेन्द्र के मार्गदर्शन एवं अपराजिता महिला संघ संस्था के द्वारा बैंक की सायबर क्राईम, चिटफंड कंपनी, बैंकिंग लोकपाल और ए.टी.एम. कार्ड का उपयोग और



सावधानी आदि विभिन्न बिंदुओं के बारे मे जागरूक पर किया जा रहा है। प्रचार वाहन को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान रथ (प्रचार वाहन) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया किया गया। अपराजिता महिला संघ के क्षेत्रीय समन्वयक उपेंद्र सिंह ने बताया प्रचार वाहन के द्वारा प्रतिदिन 5 से 6 गांव में जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा और उनको बैंक के फायदे, एटीएम का उपयोग और सावधानी के बारे में चलचित्र के माध्यम से एवं पम्पलेट दिखा कर जानकारी प्रदान की जाएगी । वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान रथ (प्रचार वाहन) 15 मई को दमोह ब्लॉक के ग्राम बांसा तथा 16 मई को तेंदूखेड़ा ब्लॉक के ग्राम तेजगढ़ में भ्रमण पर रहा। प्रचार वाहन आज 17 मई को तेंदूखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम हिनौती सर्रा/ समनापुर, 18 को दमोह ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बांदकपुर,बलारपुर,सलेया, 19 मई को तेंदूखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम तारादेही, 20 मई को तेंदूखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत तेजगढ़ एवं 21 मई 2024 तेंदूखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत तेंदूखेड़ा में भ्रमण पर रहेगा।

### कभी भी हो सकता है गंभीर हादसा,जिम्मेदार बेपरवाह...

# गौरीशंकर मंदिर जाने वाली सड़क के बीच क्षतिग्रस्त हुआ सीमेंट का चेंबर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के बजरिया से गौरीशंकर मंदिर व मुक्तिधाम जानें वाली सड़क के बीचों बीच कई दिनों से ढंके सीमेन्ट का चेंबर क्षतिग्रस्त हो जाने से उसमे गहरा गड्ढा खुला देखा जा रहा है जिसमें यहां के स्थानीय लोगो के मंदिर जानें वाले व मुक्तिधाम जाने वाले लोगो को इस सड़क मार्ग पर आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बजरिया मुख्य मार्ग गौरीशंकर मंदिर पहुंचने वाले मार्ग पर नाली के चेंबर का विगत दो माह से क्षतिग्रस्त होना देखा जा रहा है और उसमें गहरा गड्ढा खुला हुआ है जहां अनजान व्यक्ति कभी भी गंभीर हादसे का शिकार हो सकता है लेकिन अभी तक किसी भी जिम्मेदार की इस ओर नजर नहीं पहुंची जिससे आश्चर्य की बात तो यह है कि यहां से रोजाना नगरपालिका के कर्मचारी निकलते रहते है लेकिन उनकी नजर इस हादसे के गड्ढे पर नहीं पड़ी। जिसे देखने से लगता है कि यदि समय रहते इसका मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो कोई भी अनजान व्यक्ति इसका शिकार होने से नहीं बच सकता है क्योंकि इन दिनो नगर के अंदर सड़क मार्ग पर हादसे रोजाना घटित हो रहे है जिसमें लोग चोटिल होकर सड़क मार्ग पर गिरते नजर आ रहे है।

## समर कैंप का समापन, छात्रों ने दिखाई अपनी विलक्षण प्रतिभा



**जबेरा।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जबेरा 15 दिवसीय समर कैंप समापन हुआ समापन अवसर पर छात्रों द्वारा जो विविध गतिविधियों में भाग लिया उनकी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावको गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। उपस्थित अतिथियों एवं सभी लोंगों द्वारा संचालित गतिविधियों का सूक्ष्म निरीक्षण कर सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं सराहना करते हुए उत्साह वर्धन किया । इस दौरान सभी छात्रों की प्रोत्साहन हेतु विद्यालय के सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरुस्कार वितरित किए गए। विद्यालय प्राचार्य द्वारा कार्यक्रम की समस्त रूपरेखा और गतिविधियो की जानकारी प्रस्तुत की गई। समर कैम्प के दौरान 138 छात्रों द्वारा पंजीयन कराकर कार्यक्रम में सहभागिता की गई। इसी कार्यक्रम में कक्षा 5वीं वी, 10वीं एवं 12वीं मे प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य संजय बाजपेई, शिक्षक उमेश शर्मा, पप्पू लाल राय, रामकिशोर शर्मा सुखनंदन साहू, सुनील बाजपेई, प्रमोद अहिरवार, अनिल कुमार साहू , महेश साहू ,मुन्नी ठाकुर, अर्चना खरे,विभा तिवारी, कीर्ति राय, कीर्ति अवस्थी, दुर्गा पटेल, प्रज्ञा जैन, वर्षा श्रीवास्तव, संतोष तिवारी, अमित तिवारी की उपस्तिथि रही।

# सुदामा चरित्र के साथ कथा का हुआ विश्राम

**दमोह।** कुंडलपुर पटेरा रूंद वाले हनुमान मंदिर में आयोजित कथा के मार्गदर्शक महंत श्री गजेन्द्र पुरी जी महराज के मार्गदर्शन में हो रहा है। सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास किशोरी जी ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मा देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं।उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र से सखा सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया हुआ। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। कुंडलपुर में चल रही सात दिवसीय कथा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कथा व्यास किशोरी जी ने कहा कि जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है उसका जीवन तर जाता है। शुक्रवार को सुबह हवन पूजन दोपहर से भंडारा आयोजित है आप सभी

## शिवलिंग निर्माण से बदल जाती है किस्मत की लकीरें : पं अरविंद व्यास

**बनवार/** ग्राम बम्होरी में वैशाख माह के पावन अवसर पर सुबह पार्थिव शिव लिंग निर्माण रुद्राभिषेक शिवार्चना सायं 4बजे से श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन चल रहा कथा व्यास आशीष कृष्ण चरणानुरागी गुरु महाराज , आचार्य पंडित अरविंद व्यास आशु तिवारी के सानिध्य में चल रहा है। आचार्य पंडित अरविंद व्यास आशुतोष तिवारी ने कहा कि भगवान शिव के समान कोई दाता नहीं है।भगवान शिव ही एकमात्र ऐसे देवता हैं जो के वल एक लोटा जल अर्पित करने से प्रसन्न हो जाते हैं। बेलपत्र, धतूरा चढ़ाने मात्र से ही वह प्रसन्न हो जाते हैं। शिव जी की कृपा अपने भक्तों पर बनी रहती है। पार्थिव शिवलिंग निर्माण करने से मनुष्य की किस्मत की लकीरें बदल जाती हैं और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शिव ही प्रकृति के संहारक व संरक्षक हैं जिनकी कृपा मात्र से कष्टों का निवारण हो जाता है शिव के समान कोई दाता नहीं।उन्होंने कहा कि जिन संकटों का निवारण असंभव रहता है वह भगवान शिव की अर्चना, पूजन करने से दूर हो जाते हैं। कथा श्रोता चन्नु सिंह अजीत सिंह,के साथ ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

## खबर संक्षेप

### विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का किया औचक निरीक्षण

**दमोह।** मेडिकल स्टार्स के द्वारा ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 का पालन किया जा रहा है या नहीं इसकी जांच हेतु औषधि निरीक्षक महिमा जैन द्वारा जिले के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान कुछ मेडिकल पर फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए तो कुछ दवाईयों के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड दिखाने में असमर्थ रहे। विभाग द्वारा उक्त मेडिकल को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान पुष्पेंद मेडिकल, प्रकाश मेडिकल दमोह, मालती मेडिकल, कामधेनु मेडिकल पथरिया एवं पारस मेडिकल, महामुनि मेडिकल बांसा की जांच की गई। मौके पर कुछ मेडिकल स्टोर्स बंद भी पाए गए। सरकारी जांच में सहयोग नहीं किए जाने के लिए उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

### धूमधाम के साथ मनाई गई केवट जयंती

**दमोह।** दमोह जिले में रायकवार माझी समाज दमोह के द्वारा प्रभु राम सखा और माझी समाज के आराध्य देव भगवान केवटराज महाराज जी की जयंती का पर्व धूम-धाम के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में दमोह के घंटाघर पर विराजमान भगवान प्रभु श्रीराम और केवटराज महाराज जी का आरती पूजन अर्चन किया गया। साथ ही ग्राम सलैया में संभागीय अध्यक्ष राकेश धुरिया के नेतृत्व में केवट जयंती का पर्व धूम-धाम के साथ मनाया गया। इस दौरान रायकवार माझी समाज के ग्रामीण जिला अध्यक्ष मोंटी रायकवार ने स्वजातीय बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोग हमारी समाज के लिए तोड़ने का काम करते हैं। हमारे लिए समाज को जोड़ने का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि मांझी,केवट,कहार, निषाद, बर्मन रायकवार ही ढीमर जाती हैं। हम सभी को मिलकर रहना है। तो लोग हमारे लिए तोड़ नहीं सकते हैं। उन्होंने तेंदूखेड़ा में आयोजित भव्य शोभायात्रा में समाज की एकता पर खुशी जाहिर करते हुए आयोजक मंडल को बधाई दी है।

## तेंदूखेड़ा में दो अलग अलग घटनाओं में महिलाओं की सांसें थमी

# गर्भवती के बाथरूम में गिरने से बच्चे एवं मां दोनों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह जिले के तेंदूखेड़ा अनु विभाग अंतर्गत दो दर्दनाक घटनाक्रम सामने आए हैं। जिनमे एक गर्भवती महिला सहित दो महिलाओं की मौत हो जाने से परिवारों में गमगीन माहौल बना हुआ है। गर्भवति महिला सुलेखा पति कांशीराम साहू उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12 की वुधवार की रात साढ 8 बजे वह घर से बाथरूम जाने आगे बड़ी उसी समय उसका पैर फिसल गया और वह पेट के भर गिर गई थी जिसे परिजन महिला को स्वस्थ केंद्र लेकर पहुँचे तो डाक्टर ने महिला के साथ बच्चे को भी मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला का पति फल फूल की दुकान पर था और महिला घर मे थी सिर्फ परिवार के लोग थे। बताया जा रहा है कि पूर्व भी महिला की तीन संताने है जो तीनो बेटियां है और यह चौथा बच्चा पेट मे था जिसकी मां के साथ मौत हों गई है। महिला के मौत के बाद महिला के मायके पक्ष और ससुराल पक्ष की सहमति साथ ही आकस्मिक हुई घटना के कारण घटना की षिकायत थाने मे नही की गई और न ही पोस्टमार्टम कराया गया है। गुरुबार को महिला का अतिम संस्कार सम्पूर्ण रीतिरिवाज से तेंदूखेड़ा के शन्तिधाम मे किया गया।

### सड़क किनारे बस का इंतजार कर रही महिला को बाइक ने मारी टक्कर, मौत



**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार को तारादेही थाना क्षेत्र अंतर्गत खमतरा और झमरा के बीच एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार द्वारा लापरवाही पूर्वक सड़क किनारे बस का इंतजार कर रही महिला को सीधे टक्कर मार दी हादसे में महिला की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है प्राप्त जानकारी अनुसार खमतरा तिगडडा पर लगभग शाम 4 बजे नेहा पति दीपक पटैल उम्र 25 निवासी सारसबगली जो कि यात्री बस का जबलपुर जाने के लिए इंतजार कर रही थी। लेकिन उसी समय एक बाइक सवार जो तारादेही की ओर महाराजपुर देवरी जा रहा थां जिसने सीधे जाकर टक्कर नेहा को टक्कर मार दी जिस कारण नेहा सिर के भर गिर जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गई परिजनों द्वारा घायल महिला को प्राईवेट वाहन बोलोरो कार से तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया था लेकिन रास्ते में नेहा की मौत हो गई थी जहां डाक्टरों द्वारा नेहा को मृतक घोषित कर दिया नेहा मूलतः सरसेला की रहने वाली है। लेकिन ससुराल सारसबगली में है। अस्पताल की सूचना पर तेंदूखेड़ा पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा की कार्यवाही की है। साथ ही पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनो के हवाले कर दिया है पुलिस द्वारा बाइक सवार की तलाश कर रही है।

# खाद्य एवं अखाद्य बर्फ में उसके रंग से कर सकते हैं पहचान

**खाने वाले बर्फ का रंग होता है सफेद, नीले रंग का बर्फ होता है अखाद्य बर्फ**

**पीने योग्य पानी से खाने वाले बर्फ का निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने के बर्फ निर्माता को दिए गए दिशा निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर दमोह सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग दमोह द्वारा खाद्य बर्फ एवं अखाद्य बर्फ को पहचान करने के आसान उपायों की जानकारी आम उपभोक्ताओं को दी गई। राज्य शासन के निर्देशानुसार बर्फ निर्माता द्वारा अखाद्य बर्फ को नीले रंग में ब्रिलियंट ब्लू फूड कलर या इंडिगो कार्माइन फूड कलर से निर्मित किया जाना अनिवार्य है। बर्फ निर्माता को अखाद्य बर्फ के निर्माण के दौरान उसमें इंडिगो कार्माइन या ब्रिलियंट ब्लू फूड कलर की 10 पी.पी.एम. प्रति लीटर पानी (1 लीटर पानी में 10 मिलीग्राम फूड कलर) के हिसाब से मिलाया जाना जरूरी है, इससे अखाद्य बर्फ को खाने वाले सफेद रंग के बर्फ को भिन्न किया जा सकता है जिससे आमजन इसको आसानी से पहचान सकते हैं। प्रायः अखाद्य बर्फ का निर्माण न पीने योग्य पानी से किया जाता है जिससे प्रिजर्वेशन, परिवहन एवं भंडारण के दौरान खाद्य पदार्थ के संक्रमित होने की संभावना बनी रहती है। साथ ही गन्ने के जूस, फ्रूट जूस, लस्सी में इसी बर्फ को मिलाकर विक्रय किया जाता है जिससे स्वास्थ्य जोखिम बना रहता है क्योंकि खाद्य बर्फ एवं अखाद्य बर्फ भौतिक रूप से दिखने में एक समान होते हैं। इसीलिए एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा अखाद्य बर्फ को ब्रिलियंट ब्लू फूड कलर या इंडिगो कार्माइन फूड कलर से मिलाकर निर्मित किया जाना अनिवार्य किया गया है। इससे आमजन को इसको पहचानने में आसानी हो जाती है एवं इससे बर्फ के दुरुपयोग को रोका जा सकता है।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा समस्त बर्फ निर्माता को निर्देश दिए हैं की बर्फ का निर्माण केवल पीने योग्य पानी से स्वच्छ एवं स्वास्थ्यप्रद परिस्थितियों में करना सुनिश्चित करें। बर्फ निर्माण में उपयोग होने वाले पानी की जांच एन.ए.बी.एल. से मान्यता प्राप्त खाद्य परीक्षण लैबोरेटरी से करवाएं।

### अखाद्य बर्फ का उपयोग

अखाद्य नीले रंग के बर्फ का उपयोग मांसाहारी खाद्य उत्पाद जैसे मीट, मछली, समुद्री खाद्य उत्पाद आदि तथा शाकाहारी खाद्य उत्पाद जैसे दूध, फल एवं सब्जियों एवं अन्य शीघ्र खराब होने वाले उत्पादों के संरक्षण, परिवहन एवं भंडारण में किया जाता है ताकि उक्त उत्पाद शीघ्र खराब न हो सके एवं न ही वे संक्रमित हो सके।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने संयुक्त संचालक सागर को ज्ञापन सौंपा

**उच्च श्रेणी शिक्षक माध्यमिक शिक्षको व शेष प्राथमिक शिक्षको को 12, 24 व 30 वर्षीय क्रमोन्नति आदेश शीघ्र जारी किए जावे**



**दमोह।** स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार 12 वर्ष 24 वर्ष तथा 30 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर शिक्षको और नवीन शैक्षिक संवर्ग के शिक्षको को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय क्रमोन्नति प्रदान की जाती है। जिला दमोह में पदस्थ प्रधानाध्यापक (माध्य शाल), उच्च श्रेणी शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक के क्रमोन्नति हेतु प्रस्ताव लगभग 5 माह पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दमोह में जमा हो चुके है। तत्पश्चात आज दिनांक तक जमा प्रस्ताव पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। शिक्षको के वित्तीय हितों की लगातार हो रही अनदेखी को देखते हुए मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई दमोह ने श्रीमान संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण सागर के समक्ष उपस्थित होकर पात्र शिक्षको को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय क्रमोन्नति के आदेश जारी करने के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष प्रमेंद्र जैन, प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन के विशेष अनुरोध पर श्रीमान संयुक्त संचालक मनीष वर्मा ने उपरोक्त क्रमोन्नति आदेश जिला स्तर से जारी होने के संबंध में बताते हुए श्रीमान जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी करने और आचार संहिता के तत्काल पश्चात आदेश जारी कराने का आश्वासन दिया। श्रीमान संयुक्त संचालक श्री वर्मा जी से चर्चा में श्री मनीष भारद्वाज जिला उपाध्यक्ष एवं श्री संजय मिश्रा शिक्षक की सहभागिता रही।

# स्वास्थ्य टीम ने दी अवैध क्लीनिकों पर दबिश, एक क्लीनिक किया सीज




**मडियादो।** गुरुवार दोपहर को स्वास्थ्य और राजस्व विभाग की टीम द्वारा मडियादो में अवेध क्लिनिक और झोलाछाप डॉक्टर्स के यहां दविश देकर दो क्लिनिक सीज किए गए। वही 8 डॉक्टर्स जो घर से से क्लिनिक चला रहे थे उनके घर सूचना चस्पा कर तीन दिवस में चिकित्सा से जुड़े दस्तावेज हटा मुख्यालय पर प्रस्तुत करने के आदेश दिए। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कार्यवाही की खबर फैलने के बाद अवेध रूप से चल रहे क्लिनिक बंद हो गए और झोलाछाप डॉक्टर्स कस्बा छोड़कर भाग खड़े हुए। बता दे की मडियादो से लगभग एक दर्जन झोलाछाप डॉक्टर्स द्वारा अवेध रूप से क्लिनिक संचालित किए जाने की शिकायत कलेक्टर द्वारा जारी नंबर पर हुई थी जिसके बाद हटा सीबीएमओ उमाशंकर पटेल, नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल बीपीएम विक्रम सिंह, बुद्धदन तंतुवाय, श्रीराम गोस्वामी , राहुल खरे सहित स्थानीय पुलिस ने मडियादो में संचालित चांदसी दबा खाना पर दविश दी। मौके से डॉक्टर्स भाग खड़ा हुआ जिसके चलते जिस घर में क्लिनिक संचालित हो रही थी उसे सीज कर दिया गया और सूचना चस्पा कर मकान मालिक को अवगत करा दिया गया। इसी तरह की कार्यवाही वर्धा में रंजीत सरकार के चांदसी दवाखाना पर की गई। वही मडियादो में आधा दर्जन से अधिक डॉक्टर्स के यहां भी दविश दी गई । मौके पर पंचनामा कार्यवाही कर सूचना चस्पा की गई। सीबीएमओ ड्रा उमाशंकर पटेल ने बताया की शिकायत आधार पर मडियादो और वर्धा में सयुक्त टीम द्वारा एक दर्जन झोलाछाप डॉक्टर्स की अवेध क्लिनिक पर छापामार कार्यवाही की गई है जिसमे दो अवैध क्लिनिक सीज किए गए वही 9 अवैध क्लिनिक पर सूचना चस्पा कर दस्तावेज मांगे गए है । यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# आरोग्यम केंद्र में नहीं मिलते डॉक्टर

**कर्मचारी आनलाईन करवा रहे चेकअप, नर्स लिख रही दवाईयां**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ़

जबेरा विधानसभा क्षेत्र के तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत के ग्राम तेजगढ़ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल तेजगढ के अंतर्गत आरोग्यम केंद्र का सुंदर भवन बना हुआ है। जिस प्रकार इस केंद्र को शासन द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर नाम दिया गया ठीक इसी तरह यहां की व्यवस्थायें भी भगवान भरोसे चल रही है। जहां पर आए दिन दूर-दूर से ग्रामों के मरीज दवाइयां करवाने के लिए आते हैं लेकिन अस्पताल में डॉक्टर साहब नहीं मिलते। मरीज ने कहा कंप्यूटर चलाने वाले कर्मचारी ऑनलाइन डॉक्टर से जांच करवा कर दवाइयां लिख देते है। कुछ मरीजों को अनुभव अनुसार नर्स दवाई करती है। गौरी शंकर अहीरवाल से और मरीजो स्टाफ से जानकारी लेने पर बताया कि डॉक्टर सप्ताह में एक दो दिन आते है, बाकी दिन अस्पताल के कर्मचारी ऑनलाइन जांच करवा देते हैं। जिससे मरीजों को आराम नहीं मिलता ना दवाइयां पर विश्वास होता है। अनेकों व्यक्तियों ने कहा भीषण गर्मी में लोगों को तरह-तरह की बीमारियां होने लगती है और लोग झोला छाप डॉक्टरों से दवाइयां करवा कर काम चलाते थे। लेकिन अब झोला छाप डॉक्टरो ने दवाखाना बंद कर दिए है। सरकारी अस्पताल में डाक्टर साहब प्रतिदिन नहीं आते। मरीज इलाज करवाने के लिए कहां जाये। ग्राम से तेंदूखेड़ा 20 किलोमीटर दूर पड़ता है तो वहीं दमोह 35 किलोमीटर व जबलपुर 75 किलोमीटर दूर है। इलाज करवाने के लिए मजबूरी बस दूर जाना पड़ता है। जनता और जनप्रतिनिधियों ने तेजगढ़ सरकारी अस्पताल में प्रतिदिन डॉक्टर की उपलब्धता की मांग की है जिससे मरीजों का इलाज समय पर हो सके। शासन को झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही के साथ साथ स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाना चाहिये ताकि आम जनमानस को स्वास्थ्य सेवाओं का सुचारू लाभ मिल सके।

# मतगणना कर्मियों को मॉडल कॉलेज में दिया गया प्रशिक्षण



**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा क्षेत्र 07-दमोह की मतगणना जो की पॉलिटेक्निक कॉलेज दमोह में 4 जून को संपन्न की जाना है, के संबंध में मॉडल कॉलेज बरपटी में मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण जिला एवं राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा पी.पी.टी. के माध्यम से तथा ई.व्ही.एम. मशीन द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण स्थल पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर एवं अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण संबंधी सभी निर्देशों को सूक्ष्मता से सीखने हेतु कहा गया। श्री कोचर ने कहा प्रशिक्षण गंभीरता से लें। उन्होंने कहा कहीं भी कोई बात समझ में न आये, अवश्य पूछे। श्री कोचर ने यहां प्रशिक्षण के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं को भी देखा। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर मुकेश द्विवेदी, एस.एन. हसन, आलोक सोनवलकर, मोहन राय, दिलीप जोशी, हरिओम दुबे सहित सभी मास्टर ट्रेनर के कुशल मार्गदर्शन में संचालित हुआ।

# जो इच्छा अनुसार जीते हैं उनके लिए मोक्ष के रास्ते बंद हो जाते हैं- मुनि श्री सुधा सागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी में आचार्य भगवान श्री विद्यासागर जी महाराज आचार्य श्री समाज सागर जी महाराज के तीन निर्यापक मुनि संघ सहित विराजमान है। जिनके दर्शन पूजन अर्चन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में देश के कोने-कोने से भक्तजनों का दमोह पहुंचना जारी है। मुनि संघ के सानिध्य में प्रतिदिन सुबह से शाम तक विभिन्न धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। जिनमे प्रातः आचार्य भक्ति, धर्म सभा, आहार हेतु पड़गाहन, दोपहर में सामायिक, शाम को जिज्ञासा समाधान, आरती, प्रवचन आदि धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर भक्तजन पुण्य अर्जन कर रहे हैं। गुरुवार सुबह जैन धर्मशाला में धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में इच्छा अनुसार जीवन को निषेध बताते हुए कहा कि मनुष्य में जब तक इच्छाओं का जागरण रहेगा तब तक मुक्ति संभव नहीं है संसारी व्यक्ति अपनी इच्छानुसार जीवन जीना चाहता है जबकि धर्म कहता है इच्छा निरोधा। तप इच्छाओं का निरोध करना ही तप है मोक्ष जाने की या मुनि बनने की इच्छा भी बाधक है। जब तक मोक्ष जाने की इच्छा है तो मोक्ष नहीं पहुंच सकते। जो इच्छा अनुसार जीते हैं उनके लिए मोक्ष के रास्ते बंद हो जाते हैं प्रकृति मोक्ष का मार्ग बंद कर देती है। मुनि श्री ने कहा कि मुनि दशा वह दशा है जहां शेर भी समयक नहीं बिगाड़ सकता ध्यान भंग नहीं कर सकता किंतु आज शारीरिक शक्ति हीन होने से एक मच्छर भी परेशान कर देता है आज के संत तपस्या भी अपनी इच्छा अनुसार करना चाहते हैं बाहुबली और सर सकुशल जैसे मुनियों के उदाहरण हमारे समक्ष जिन्हें शेरनी भी खाती रही किंतु उनका ध्यान भंग नहीं हुआ और उन्होंने मोक्ष प्राप्ति कर ली अपनी इच्छा अनुसार जीवन जीना अय्याशी है ऐसा व्यक्ति मोक्ष मार्ग में नहीं चल सकता गुरु को पाने के बाद इच्छापूर्ति का भाव आ रहा है तो यह निश्चित ही विनाश का कारण है वही मां अच्छी होती है जो अपने बालक की सभी इच्छाओं को पूरा नहीं करती किसी से यदि इच्छा पूर्ति का भाव आ गया तो इसी का नाम दुर्योधन है वह अपनी इच्छापूर्ति अपने बड़ों से भी समझा कर डरा कर धमका करवा लेता था। धृष्टराष्ट्र में मात्र एक दुर्गुण था वह अपने बेटे की हर इच्छा पूरी करना चाहता था। चाहे न्याय से हो अथवा अन्याय से धर्म से अथवा अधर्म से करना पड़े वह सबके लिए तैयार रहता था अपनी इच्छा पूर्ति के लिए महा शक्तियों का लाभ लेना अहितकारी है इच्छा रहित जीवन की साधना ही सर्वश्रेष्ठ है। इसके पूर्व पूर्व धर्म सभा को निर्यापक मुनि श्री वीर सागर महाराज एवं श्री प्रसाद सागर महाराज ने भी संबोधित किया।

### विभिन्न क्षेत्रों से आए भक्तों ने श्रीफल अर्पित किए

इस मौके पर कोटा एवं जयपुर से पधारे हुकुम काका के साथ अनेक भक्तगणों ने तथा पुणे से पधारे दानवीर मुनि भक्त अतुल काका के साथ अनेक भक्तगणों ने मुनि श्री को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद ग्रहण किया। पुणे के सुप्रसिद्ध श्रावक श्रेष्टि दानवीर मुनि भक्त श्रीमान अतुल काका एवं उनके साथी गणों ने आचार्य विद्यासागर वृती आहार शाला का निरीक्षण किया एवं आहारशाला की हृदय से प्रशंसा की और ऑर्गेनिक फूड के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया।

# मनमानीः सप्ताह में एक दिन घरों में पहुंच रहा पानी

**पथरिया।** कहने के लिए पथरिया क्षेत्र से विधायक मंत्री हैं पर नगर में जल समस्या को लेकर शासन प्रशासन कितना सक्रिय हैं। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिला प्रशासन द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त किए उसके बाद भी कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। हर बार कोई ना कोई बहाना रहता जनता की समस्या से कोई सरोकार नही सप्ताह में एक दिन घरों में पानी पहुंच रहा है। ऐसे में भीषण गर्मी में आम आदमी को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों को कोई दिक्कत नही उन्हें तो नगर परिषद टेंकर से पहुंचा देती है जिससे उनको मालूम नही कि नगर में जल समस्या है। वही अधिकारी की बात करें तो सभी जिम्मेदार जिला मुख्यालय पर निवास करते हैं तो उन्हें भी कोई जानकारी नही है। ऐसे अकेले जनता को दिक्कत है तो उसकी समस्या में आश्वासन दिया जाता है बस अब सुधार होगा और ऐसे ऐसे में समय निकलता जा रहा है।

# नंदरई में कथा सुनने पहुंच रहे हैं श्रद्धालु

**दमोह।** पथरिया देव राधा रमण जानकी मंदिर नंदरई में चल रही श्री राम कथा का वाचन परम पूज्य दिव्या देवीजी के मुखारविंद से किया जा रहा है। आज कथा के चतुर्थ दिवस भगवान के चूड़ाकर्म संस्कार वशिष्ठ जी के यहां विद्या ग्रहण करना और आने के बाद विश्वामित्र जी के साथ जाकर के राक्षसों का वध करना और यज्ञ की रक्षा करना, अहिल्या को चरण रज प्रदान करना अहिल्या स्तुति,मिथिलापुरी का सुंदर वर्णन किया गया। कथा सुनने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में पहुंच रहे है।



